RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : रविवार 28 जनवरी 2024 | वर्ष 05 | अंक 277 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## मान गए मनोज जरांगे, महाराष्ट्र सरकार ने स्वीकार की मांगे

# मराठा आरक्षण पर सीएम शिंदे का बड़ा बयान!

## बोले- 'आज आप सभी की जीत...', मनोज जरांगे ने क्या कहा?

**महाराष्ट्र : महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण के मुद्दे पर चल रहा आर-पार आंदोलन आखिरकार खत्म हो गया है। मनोज जारांगे पाटिल द्वारा महाराष्ट्र सरकार को एक दिन का अल्टीमेटम देने के बाद आखिरकार सरकार को पाटिल की मांगें माननी पड़ीं। जिसके बाद पाटिल का आंदोलन और उनका अनशन खत्म हो गया है। आरक्षण नेता मनोज जारांगे पाटिल ने खुद इसकी घोषणा की है।**



**महाराष्ट्र सरकार ने स्वीकार की मांगे**

मनोज जारांगे पाटिल ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की तारीफ की और कहा कि सीएम शिंदे ने अच्छा काम किया है। सीएम ने हमारी मांगें मान ली हैं जिसके बाद हमारा विरोध खत्म हो गया है। मनोज जारांगे ने कहा कि सीएम ने हमारा अनुरोध स्वीकार कर लिया है, हम उनका पत्र स्वीकार करेंगे। मराठा नेता ने कहा कि वह मुख्यमंत्री के हाथ से जूस पीकर अपना अनशन खत्म करेंगे।

**'एक भी मराठा आरक्षण से वंचित नहीं रहेगा'**

दरअसल, मुंबई में मराठा आरक्षण को लेकर मनोज जारांगे पाटिल का कहना है कि एक भी मराठा आरक्षण से वंचित नहीं रहेगा। उन्होंने सरकार से मांग की थी कि जो भी फैसला लिया गया है, उसका शासनादेश जारी किया जाए।

मनोज जारांगे मराठा समुदाय के लिए ओबीसी के तहत सरकारी नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण की मांग कर रहे हैं। जारांगे की मांग है कि मराठा समुदाय को फुलप्रूफ आरक्षण मिलना चाहिए। साथ ही उनकी यह भी मांग है कि आंदोलनकारियों पर दर्ज मामले रद्द करने की तारीख तय की जाए।

### मराठा आंदोलन हुआ खत्म...!

इससे पहले सरकार की ओर से कहा गया था कि मनोज जारांगे की सभी मांगें मान ली गई हैं। हालांकि इस बारे में मनोज जारांगे पाटिल की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया था, लेकिन अब उन्होंने ऐलान किया है कि सरकार ने उनकी मांगें मान ली हैं और अनशन और प्रदर्शन खत्म हो गया है।

मनोज जारांगे ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार को मराठा समुदाय के लोगों के आर्थिक और सामाजिक पिछड़ेपन के सर्वेक्षण के लिए धन देना चाहिए और इसके लिए कई टीमें बनानी चाहिए।

### बातचीत से निकलेगा आरक्षण का समाधान!

जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार रात को मनोज जारांगे पाटिल और महाराष्ट्र सरकार के प्रतिनिधिमंडल के बीच बातचीत हुई। सूत्रों के मुताबिक, सरकार और मनोज पाटिल के बीच बातचीत सकारात्मक रही, जिसके बाद आरक्षण को लेकर समाधान निकाल लिया गया है। बताया जा रहा है कि मनोज जारांगे नवी मुंबई में बड़ा ऐलान करेंगे, जिसके मुताबिक मराठा मोर्चा मुंबई तक मार्च नहीं करेगा। मनोज शिवाजी चौक पर हजारों मराठाओं से बात करेंगे और शिवाजी चौक पर ही अपना अनशन तोड़ सकते हैं।

# शिंदे सरकार को सत्ता से उखाड़ फेकेंगे

## ओबीसी नेता का बड़ा ऐलान...

**मुंबई :** मराठा समुदाय के लोगों के आरक्षण के लिए आंदोलनरत कार्यकर्ता मनोज जरांगे की मांगें महाराष्ट्र सरकार द्वारा स्वीकार कर लिए जाने के बाद उन्होंने शनिवार को अपनी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल समाप्त कर दी। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने घोषणा की कि मराठा समुदाय को जब तक आरक्षण नहीं मिल जाता, तब तक उन्हें अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को दिए जाने वाले सभी लाभ दिए जाएंगे। हालांकि, सरकार के इस फैसले से ओबीसी समुदाय में रोष है। ओबीसी नेता प्रकाश शेंडगे ने कहा कि एकनाथ शिंदे सरकार को सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है। हम उसे सत्ता से उखाड़ फेकेंगे।

ओबीसी नेता प्रकाश शेंडगे ने कहा, इस सरकार को सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है। हम सोमवार या मंगलवार को राज्यपाल से मिलकर अपनी पीड़ा उनके समक्ष रखेंगे। सरकार पिछड़े वर्ग के अधिकारों की रक्षा करने में पूरी तरह विफल रही है।



इसलिए हम राज्यपाल से उन्हें सत्ता से हटाने की मांग करेंगे।

प्रकाश शेंडगे ने कहा, उन्होंने सत्ता के जरिए हमारे आरक्षण को तबाह कर दिया है। इसलिए हमें इस एकनाथ शिंदे सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए ओबीसी की एक अलग पार्टी बनानी होगी। हमारे पास ऐसा करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। हमने सोचा था कि ऐसा नहीं होगा। हमारा आरक्षण प्रभावित नहीं होगा। लेकिन अब हमारा आरक्षण लूट लिया गया है। इसलिए हमें इस सरकार को उखाड़ फेंकना है।

### बीजेपी के सभी नेता चुप्पी साधे हैं

शेंगडे ने कहा, छगन भुजबल राज्य सरकार में ओबीसी के लिए लड़ रहे हैं। लेकिन, उन्हें किसी से कोई सहयोग नहीं मिल रहा है। मनोज जारंग के खिलाफ उनकी पार्टी का एक भी नेता नहीं बोलता। बीजेपी के सभी नेता शांत हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी चुप हैं। हमने आरक्षण के मुद्दे पर चर्चा के लिए देवेंद्र फडणवीस से मिलने का समय मांगा था। लेकिन, पिछली बार वे हमसे नहीं मिले। अब एक बार फिर हमने उनसे समय मांगा है। हम चाहते हैं कि फडणवीस ओबीसी के लिए आरक्षण को लेकर अपनी स्थिति स्पष्ट करें।

# अटल सेतु पर चेतावनी के बावजूद दिखा ऐसा नजारा, पुलिस ने दी प्रतिक्रिया...

**नवी मुंबई:** इंटरनेट पर एक वीडियो सामने आया है जिसमें कई वाहन नवनिर्मित मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक ब्रिज (अटल सेतु) पर खतरनाक तरीके से रुकते दिख रहे हैं। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक उपयोगकर्ता द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो में समुद्री पुल के किनारे रुके हुए वाहनों की एक लंबी कतार दिखाई दे रही है, जिसमें यात्री कारों से बाहर खड़े होकर हवा का आनंद ले रहे हैं।

एक अन्य वीडियो में, दो व्यक्तियों को एक सेडान के शीर्ष पर बैठकर



उच्च गति वाले राजमार्ग पर चलते देखा जा सकता है। दिलचस्प बात यह है कि दोनों वीडियो में लोगों को भगवा गमछा पहने या अपने वाहनों पर भगवा झंडे लगाए देखा जा सकता है, जो नवी मुंबई इलाके में चल रहे मराठा मोर्चा के साथ उनके जुड़ाव का संकेत देता है।

हालाँकि, एफपीजे इन दावों के पीछे की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं कर सका। हालाँकि, नवी मुंबई पुलिस ने वायरल वीडियो के साथ पोस्ट का जवाब दिया। विभाग ने वीडियो पर संज्ञान लेते हुए कहा कि मामला संबंधित ट्रैफिक शाखा को भेज दिया गया है। नवी मुंबई पुलिस विभाग ने अपने जवाब में लिखा, ''नवी मुंबई पुलिस से संपर्क करने के लिए धन्यवाद, आपकी शिकायत संबंधित यातायात शाखा को भेज दी गई है।''

15 जनवरी तक एमटीएचएल पर रुकने या रुकने के लिए मोटर चालकों को 130 से अधिक चालान जारी किए गए थे, जो एक राजमार्ग होने के कारण इसकी अनुमति नहीं देता है। 'नो स्टॉपिंग' कहने वाले बोर्ड लगाने के बावजूद, मोटर चालकों ने नियमों का उल्लंघन किया और सेल्फी और समूह तस्वीरें लेने के लिए अपने वाहनों को पार्क कर आगे बढ़ गए। कई लोगों को एमटीएचएल में क्लिक की गई सही तस्वीर लेने के लिए स्टील की बाड़ पर चढ़ते देखा गया।

# महाराष्ट्र के सहकारिता क्षेत्र की पूरी मदद करेगा केंद्र: केंद्रीय मंत्री वर्मा

**नासिक :** केंद्रीय मंत्री बी एल वर्मा ने शनिवार को कहा कि केंद्र महाराष्ट्र में सहकारी क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव मदद प्रदान करेगा। केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री ने यहां चल रहे महाराष्ट्र राज्य शहरी सहकारी बैंक सम्मेलन (एमएसयूसीबी) 2023-24 में कहा, 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में सहकारिता के माध्यम से देश में विकास के लिए कई कदम उठाए गए हैं। केंद्र सरकार महाराष्ट्र में सहकारी क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव सहायता प्रदान करेगी।''

उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने सहयोग के लिए एक अलग मंत्रालय बनाया है। यह सुनिश्चित कर रहा है कि सभी हितधारकों को समर्थन मिले और क्षेत्र की समस्याओं का समाधान खोजा जा सके। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री भारती पवार ने कहा कि सरकार को नासिक जिला केंद्रीय सहकारी बैंक को सहायता प्रदान करनी चाहिए ताकि संस्था समस्याओं से निपट सके। पवार जिले के डिंडोरी से लोकसभा सांसद हैं।




## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### बेतुकी सुरक्षा परिषद

दुनिया की सबसे बड़ी आबादी, 142 करोड़ से अधिक, वाला देश भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी, वीटोधारक सदस्य नहीं है, यह बहुत बेतुकी बात है। ऐसी टिप्पणी कई देशों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और राजनयिक कर चुके हैं, लेकिन इस बार दुनिया के सबसे अमीर उद्योगपति एलन मस्क ने यह टिप्पणी की है, तो उसे गंभीरता से लिया गया है। अंतरराष्ट्रीय मीडिया इस पर महत्वपूर्ण टिप्पणियां कर रहा है और भारत की दावेदारी का पक्षधर है। एलन मस्क का सुरक्षा परिषद से कोई प्रत्यक्ष सरोकार नहीं है, लेकिन मस्क मौजूदा दुनिया के एक बेहद प्रभावशाली नागरिक हैं। संयुक्त राष्ट्र के गठन के करीब 80 साल बाद मस्क भी चिंतन कर रहे हैं कि विश्व के यथार्थ के संदर्भ में सुरक्षा परिषद सरीखी संस्थाओं का क्या योगदान और प्रासंगिकता है? भारत सिर्फ सबसे अधिक आबादी वाला देश नहीं है, बल्कि विश्व के औसतन 5 लोगों में एक भारतीय है, भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में तीसरे स्थान की तरफ बढ़ रही है और वह शीघ्र ही 5 ट्रिलियन डॉलर का राष्ट्र होगा, भारत उत्पादन और निर्माण में सबसे बड़ा बाजार है, क्या ऐसे देश को नजरअंदाज किया जा सकता है? संयुक्त राष्ट्र के गठन के बाद सुरक्षा परिषद को जब भी बनाया गया होगा, तभी से अमरीका, चीन, रूस, ब्रिटेन और फ्रांस ही उसके स्थायी और वीटोधारक सदस्य-देश हैं और पांचों ही आपस में गिट्टियां खेलते रहते हैं। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा था कि वे पांच स्वयंभू चौधरी हैं, जो एक साथ बैठ कर पूरी दुनिया के फैसले लेते रहते हैं। रूस की 'अवैधता' पर तो सवाल किए जाते रहे हैं।

दरअसल सोवियत संघ स्थायी सदस्य था। उसके विघटन के बाद रूस को सदस्यता स्थानांतरित कर दी गई, क्योंकि रूस सोवियत संघ का सबसे बड़ा देश था। सुरक्षा परिषद का यह कैसा संविधान और नियम है? बहरहाल पांच में से तीन की आर्थिक, व्यापारिक, संगठनात्मक ताकत से ज्यादा भारत आज के बहुध्रुवीय विश्व में प्रभावशाली है। संयुक्त राष्ट्र अथवा सुरक्षा परिषद रूस-यूक्रेन और इजरायल-हमास युद्धों में हस्तक्षेप कर शांति-स्थापना में नाकाम रही है। इजरायल-हमास युद्ध एक स्थायी समाधान, युद्धविराम की स्थिति तक पहुंचने वाला था, लेकिन अमरीका ने 'वीटो' के जरिए उस प्रस्ताव को ही खारिज करवा दिया। चीन भारतीय हितों के लिए अवरोधक बना रहा है और 'वीटो' के जरिए पाकिस्तान के घोषित आतंकियों और आतंकी संगठनों को बचाता रहा है। चीन अमरीका-विरोधी और रूस-समर्थक है, लिहाजा यूक्रेन युद्ध को विराम देने वाले प्रस्ताव नाकाम होते रहे हैं। चीन ही भारत की स्थायी सदस्यता का विरोध करता रहा है। भारत ने जी-20 देशों के शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता की थी। भारत हिंद-प्रशांत महासागर क्षेत्र के 'क्वाड' संगठन का सदस्य है, जिसमें अमरीका, जापान, ऑस्ट्रेलिया भी शामिल हैं। करीब 80 साल के बाद संयुक्त राष्ट्र के ढांचे और कार्यप्रणाली में सुधार और बदलाव किए जाने चाहिए, यह प्रस्ताव 2015 में संयुक्त राष्ट्र की ही 193 सदस्यीय आम सभा में पारित किया जा चुका है, लेकिन फिर भी यथास्थिति ही है। भारत ने अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्री काल में इस सदस्यता के लिए कई अंतराष्ट्रीय कोशिशें कीं। ये प्रयास डॉ. मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री बनने के बाद भी जारी रहे। गौरतलब है कि जब 2008 में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री गॉर्डन ब्राउन भारत आए थे, तब उन्होंने साझा प्रेस ब्रीफिंग में कहा था कि यदि भारत सुरक्षा परिषद की मेज पर नहीं है, तो दुनिया की बहुत सी समस्याएं कभी नहीं सुलझेंगी।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# ठाणे में ईंट भट्टा मालिक 8 बंधुआ मजदूरों पर कर रहा था अत्याचार...

### पुलिस ने सिखाया सबक, अब खाएगा जेल की हवा

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में ईंट भट्टे पर काम करने वाले आठ बंधुआ मजदूरों को बचाया गया है। इनमें पांच महिलाएं भी शामिल है। ईंट भट्टा मालिक इन लोगों पर पिछले कई दिनों से अत्याचार कर रहा था और उन्हें उनके मजदूरी के पैसे भी नहीं दे रहा था। साथ ही उन्हें वहां से कही जाने भी नहीं दे रहा था। यह घटना मुरबाड तालुका के खातेघर की है।



**FIR में क्या कहा गया है**

मुरबाड पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि पीड़ितों में से एक की शिकायत के आधार पर, मुरबाड तालुका के खातेघर में स्थित ईंट भट्ठा के मालिक के खिलाफ गुरुवार को पहली सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज की गई। पीड़ितों में ज्यादातर शाहपुर तालुका के कातकरी समुदाय के सदस्य है जिन्हें अग्रिम राशि का भुगतान किया गया और कथित तौर पर बंधुआ मजदूर के रूप में काम करने के लिए मजबूर किया गया और अतिरिक्त मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया। इतना ही नहीं अस्वस्थ होने पर भी उन्हें काम करना पड़ता था।

अधिकारी ने एफआईआर के हवाले से बताया कि जब वे त्योहार की छुट्टियों पर गए तो उन्हें काम पर वापस बुला लिया गया। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने उन्हें भागने से रोकने के लिए दोपहिया वाहनों सहित उनका सामान जब्त कर लिया। जबकि, एक मजदूर लापता है। गुरुवार तड़के एक स्थानीय एनजीओ ने आठ पीड़ितों को बचाया, जिसके बाद उनमें से एक ने शिकायत लेकर पुलिस से संपर्क किया।

**विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज**

पुलिस ने ईंट भट्ठा मालिक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं- 370(3) (मानव तस्करी), 374 (गैरकानूनी अनिवार्य श्रम), 323 (जानबूझकर चोट पहुंचाना), 504 (शांति भंग करने के लिए जानबूझकर अपमान) और 506 (आपराधिक धमकी) सहित विभिन्न प्रावधानों के तहत ह मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने कहा कि आरोपी के खिलाफ बंधुआ मजदूरी प्रणाली (उन्मूलन) अधिनियम और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के प्रावधानों के तहत भी मामला दर्ज किया गया है।

# रायपुर की टीवी कलाकार के साथ मुंबई में धोखाधड़ी,

### बोला- फिल्म में दिलाऊंगा हीरोइन का रोल, देने होंगे पांच लाख, केस दर्ज




**रायपुर :** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर की टीवी एक्टर के साथ धोखाधड़ी हुई है। मुंबई में अभिनेत्री का रोल दिलाने के नाम पर पांच लाख रुपये ठग लिए गए। पुलिस ने आरोपित राहुल रमन नाम के व्यक्ति ने ठगी की है। डीडीनगर थाना पुलिस के मुताबिक शांति विहार कालोनी, डंगनिया रायपुर निवासी लवली शर्मा से ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। वे मुंबई में टीवी सीरियल में काम करती हैं। वह काम के सिलसिले में मुंबई गई थी, जहां सीरियल में छोटे रोल करने लगी। शूटिंग के दौरान लवली की पहचान राहुल रमन नाम के व्यक्ति से हुई। राहुल और लवली की फोन में बातचीत होती थी। दोनों की दोस्ती हो गई थी। राहुल ने अपने आप को एक्टर कम प्रोड्यूसर बताया था।

लवली ने बताया कि बातचीत के दौरान ही राहुल ने बोला था कि अपने सीरियल में अभिनेत्री का रोल दूंगा। फिल्म में भी अभिनेत्री का रोल दिला दूंगा। जिसके लिए कम से कम पांच लाख रुपये लगेंगे। पैसों का इंतजाम करने के लिए वह रायपुर आई। भाई सिद्धार्थ शर्मा के कोटेक महिंद्रा बैंक से राहुल रमन के एकाउंट में 23 मार्च 2023 को 99,000 रुपये, दूसरे दिन फिर 99000 रुपये खाते में डाल दिए। 26 मार्च को दो हजार सहित कुल दो लाख रुपये दे दिए। वहीं तीन लाख रुपये लवली ने पिता से लेकर मुंबई जाकर राहुल रमन को नकद दे दिए। कुल पांच लाख रुपये मांग के आधार पर दे दिए गए।

# महाराष्ट्र बोर्ड परीक्षा के समय में बदलाव...

### पेपर पढ़ने के लिए नहीं मिलेगा समय



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने महाराष्ट्र कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड 2024 की परीक्षाओं के समय में संशोधन किया है। बोर्ड की तरफ से अब महाराष्ट्र हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट और सीनियर सेकेंडरी सर्टिफिकेट बोर्ड परीक्षा 2024 के प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए छात्रों को 10 मिनट अतिरिक्त नहीं दिया जाएगा।

**अब नहीं मिलेगा अतिरिक्त समय**

महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने बताया है कि छात्रों को प्रश्न पत्र हल करने के लिए 3 घंटे और 10 मिनट का समय नहीं मिलेगा।

इसमें कहा गया है कि यह निर्णय इसलिए लिया गया है, क्योंकि पिछले वर्षों की परीक्षा के दौरान प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए दिए गए समय के दौरान कथित तौर पर प्रश्नपत्र लीक होने के मामले सामने आए थे। महाराष्ट्र बोर्ड परीक्षा के दौरान सुबह की शिफ्ट अब 11 बजे शुरू होगी और 2:10 बजे खत्म होगी, जबकि शाम की शिफ्ट 03 बजे से शाम 5.10 बजे तक चलेगी।

# देश के विकास इंजन के तौर पर उभरा है महाराष्ट्र - एकनाथ शिंदे

**मुंबई:** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को कहा कि राज्य प्रत्यक्ष विदेशी निवेश से लेकर आधारभूत ढांचे तक सभी क्षेत्रों में अग्रणी है और देश के विकास इंजन के तौर पर उभरा है।

देश के 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि उनकी



सरकार समावेशी है और भारत को पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लक्ष्य के लिए एक हजार अरब डॉलर का योगदान देगी।

भारत को 15 अगस्त 1947 को अंग्रेजों से आजादी मिली थी लेकिन 26 जनवरी 1950 को देश का संविधान लागू हुआ और इस प्रकार भारत एक संप्रभु लोकतांत्रिक गणराज्य बना।




# शरद पवार ने कहा- "यह अभी भी अटकलें हैं"

**मुंबई :** बिहार में चल रहे घटनाक्रम के बीच, राज्य के सभी राजनीतिक दलों ने शनिवार को पटना में पार्टी नेताओं और विधायकों के साथ बैठकें कीं, इस संभावना के बाद कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भारतीय राजनीति में जा सकते हैं। जनता पार्टी (बीजेपी) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख शरद पवार ने कहा कि "यह सिर्फ एक अटकल है क्योंकि अभी तक कुछ भी तय नहीं हुआ है।

पवार ने महाराष्ट्र के मुंबई में एएनआई को बताया, "क्या इसे अभी तक अंतिम रूप दिया गया है? यह अभी भी एक अटकलें हैं।" बिहार के पूर्व सीएम जीतन राम मांझी समेत कई एनडीए नेताओं ने जेडीयू-आरजेडी के बीच गठबंधन टूटने के संकेत दिए हैं. इस बीच, बिहार में सियासी घमासान के बीच लोक जनशक्ति पार्टी (एलजेपी) नेता चिराग पासवान ने शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी प्रमुख जेपी नड्डा से मुलाकात की. पासवान ने कहा कि उन्होंने अमित शाह के आवास पर हुई



बैठक में भाजपा नेताओं के सामने 'बिहार को लेकर अपनी चिंताएं' रखीं। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि एनडीए गठबंधन में जेडीयू की संभावित एंट्री के बाद एलजेपी को 'साइडलाइन' किए जाने का डर है.

"यह जानना महत्वपूर्ण था कि आज बिहार में क्या हो रहा है। इस मुद्दे पर, मैंने आज अमित शाह और जेपी नड्डा जी के साथ बैठक की। मैंने बिहार पर अपनी चिंताओं को उनके सामने रखा है। उन्होंने विभिन्न मुद्दों पर आश्वासन दिया है। स्थिति उन्होंने संवाददाताओं से कहा, "गठबंधन को लेकर सरकार काफी सकारात्मक है। आने वाले दिनों में स्थिति और स्पष्ट हो जाएगी और उसके बाद हमारी पार्टी कोई स्टैंड लेगी। हम आज एनडीए का हिस्सा हैं।"

चिराग पासवान और नीतीश कुमार पहले भी एक-दूसरे पर निशाना साध चुके हैं. इस बीच, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता शनिवार को उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव द्वारा बुलाई गई एक आपात बैठक के लिए पटना में पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद के घर पर एकत्र हुए। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद और उनकी पत्नी राबड़ी देवी के अलावा राज्य विधानमंडल के सदस्यों सहित वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। सूत्रों के मुताबिक, तेजस्वी यादव ने बैठक में मौजूद पार्टी के नेताओं से कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 'सम्माननीय' हैं लेकिन कई चीजें हैं जो उनके 'नियंत्रण' में नहीं हैं. सूत्रों ने तेजस्वी यादव के हवाले से कहा, "सीएम नीतीश कुमार सम्माननीय थे और हैं। कई चीजें उनके (नीतीश कुमार) नियंत्रण में नहीं हैं।

# 'फाइटर' ने पहले दिन कमाए 24.60 करोड़!




**मुंबई:** ऋतिक रोशन अभिनीत 'फाइटर' ने पहले दिन 24.60 करोड़ रुपये की कमाई की। निर्माताओं ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। 'पठान' और 'वॉर' के लिए मशहूर सिद्धार्थ आनंद ने 'फाइटर' का निर्देशन किया है, जिसे भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता, बलिदान और देशभक्ति के लिए एक श्रद्धांजलि के रूप में पेश किया गया है। यह फिल्म बृहस्पतिवार को रिलीज हुई।

फिल्म के निर्माताओं ने एक विज्ञप्ति में कहा," 'फाइटर' ने पहले ही दिन सिनेमाघरों में शानदार शुरूआत की। गणतंत्र दिवस की पूर्वसंध्या यानी बृहस्पतिवार को रिलीज हुई फिल्म ने पहले ही दिन 24.60 करोड़ रुपये की कमाई की।"

फिल्म का निर्माण वायकॉम18 स्टूडियोज ने मार्फ्लिक्स पिक्चर्स के साथ किया है, जिसमें दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर भी हैं।फिल्म में अक्षय ओबेरॉय, करण सिंह ग्रोवर और संजीदा शेख ने भी काम किया है।

# यस बैंक ने अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में शुद्ध लाभ में 4 गुना उछाल दर्ज

**मुंबई:** निजी क्षेत्र के ऋणदाता यस बैंक ने शनिवार को चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में शुद्ध लाभ में 4 गुना से अधिक की बढ़ोतरी के साथ 231.6 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की। पिछले साल की




समान तिमाही में बैंक ने 51.5 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई), जो ऋण पर प्राप्त ब्याज और जमा पर भुगतान के बीच का अंतर है, साल-दर-साल 2.3 प्रतिशत बढ़ी। तिमाही के दौरान बैंक का परिचालन लाभ 5.4 प्रतिशत बढ़कर 864 करोड़ रुपये हो गया।

# अमरावती में बांध को लेकर विरोध प्रदर्शन के दौरान किसान ने की आत्महत्या



**महाराष्ट्र:** महाराष्ट्र के अमरावती जिले में शनिवार को एक बांध के सिलसिले में विरोध प्रदर्शन के दौरान 44 वर्षीय एक किसान ने आत्महत्या कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक विशाल आनंद ने बताया कि ऊपरी वर्धा बांध से प्रभावित किसानों का एक समूह मुआवजे की मांग करते हुए जिले के मोर्शी में आंदोलन कर रहा है। यह बांध, जिला मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। आनंद ने बताया कि प्रदर्शनकारी किसानों में से एक ने शनिवार तड़के विरोध प्रदर्शन के लिए बनाए गए मंच पर फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। एक अधिकारी ने बताया कि किसान की आत्महत्या के बाद प्रदर्शनकारियों ने इलाके में वाहनों की आवाजाही रोक दी। अधिकारी ने कहा कि प्रदर्शनकारी प्रत्येक ग्रामीण के लिए चार एकड़ कृषि भूमि और परियोजना से प्रभावित लोगों के लिए सरकारी नौकरियों की मांग कर रहे हैं।

# महाराष्ट्र के भंडारा में विस्फोट... आयुध फैक्ट्री में काम कर रहे एक कर्मचारी की मौत!

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के भंडारा में स्थित आयुध फैक्ट्री के परिसर में एक विस्फोट हो गया। शनिवार सुबह हुए विस्फोट में एक कर्मचारी की मौत हो गई। घटना के बाद अधिकारियों ने तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की है

**सुबह आठ बजे हुआ फैक्ट्री में विस्फोट**

अधिकारी ने बताया कि महाराष्ट्र के भंडारा में स्थित आयुध फैक्ट्री में ये घटना सुबह करीब आठ बजे घटित हुई। मृतक की पहचान 52 वर्षीय अविनाश मेश्राम के रूप में हुई है। फैक्ट्री के प्रवक्ता की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि सुबह 8.15 बजे विस्फोट की आवाज



सुनाई दी थी, जिसके बाद वहां मौजूद कर्मचारी घटनास्थल की ओर भागे। इस दौरान उन्होंने अविनाश मेश्राम को बेहोश पड़ा देखा। वह तुरंत अविनाश को फैक्ट्री अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

हालांकि, विस्फोट किन वजहों से हुआ, इसका अभी तक पता नहीं चल पाया है। अधिकारियों ने घटना की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है। बयान में कहा गया कि फैक्ट्री अधिकारियों ने मृतक के परिवार को मुआवजा और पेंशन देने के लिए आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

**विस्फोट के समय अकेला था अविनाश मेश्राम**

अधिकारी ने बताया कि जिस समय फैक्ट्री में विस्फोट हुआ। उस समय मेश्राम पहली शिफ्ट में काम कर रहा था। विस्फोट के समय समय वह अपने विभाग में अकेला था।

**गोंदिया जिले का रहने वाला था मृतक**

भंडारा के पुलिस अधीक्षक लोहित मतानी ने बताया कि मेश्राम विस्फोटकों को विस्फोट करने के लिए इस्तेमाल होने वाले कुछ तार बना रहा था।इसी दौरान फैक्ट्री परिसर में विस्फोट हो गया।वहीं, जवाहरनगर पुलिस थाने के सहायक निरीक्षक सुधीर बोरकुटे ने कहा कि मृतक गोंदिया जिले का रहने वाला था।

# 'मेरी सीट के नीचे बम है', यात्री की सूचना के बाद रोकी गई फ्लाइट... मुंबई पुलिस ने दर्ज किया केस

**मुंबई :** मुंबई से लखनऊ जाने वाली इंडिगो की एक फ्लाइट में उस समय हड़कंप मच गया। जब एक यात्री ने अपनी सीट के नीचे बम होने की सूचना दी। ये खबर मिलते ही फ्लाइट को उड़ान भरने से रोक दिया गया। मुंबई पुलिस के मुताबिक, बोर्डिंग टाइम के दौरान शख्स ने दावा किया था कि लखनऊ जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट में सीट के नीचे बम रखा गया है। मुंबई पुलिस बताया कि ये घटना 26 जनवरी की है।

**यात्री ने दी थी बम की सूचना**




मुंबई पुलिस के अनुसार, मुंबई से लखनऊ जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6E 5264 में सवार एक यात्री ने बताया कि उसकी सीट के नीचे बम है। इस घटना की जानकारी मिलते ही मुंबई पुलिस और एयरपोर्ट एजेंसियां मौके पर पहुंचीं और फ्लाइट की पूरी जांच की। मुंबई पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान फ्लाइट से कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। इसके बाद मुंबई पुलिस ने 27 वर्षीय यात्री को हिरासत में लिया है। उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 506(2) और 505(1)(बी) के तहत मामला दर्ज किया है। मुंबई पुलिस ने कहा कि इस मामले की जांच की जा रही है कि यात्री ने ऐसा क्यों किया, इस बारे में पता लगाया जा रहा है।

# मुंबई की जीवंतता, ऊर्जा और विकास की गति से प्रेरित हैं यूएनजीए अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस

**मुंबई:** संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने शुक्रवार को कहा कि वह मुंबई की जीवंतता, ऊर्जा और विकास की गति से प्रेरित हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार फ्रांसिस ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ अपनी मुलाकात के दौरान ये टिप्पणियां कीं फ्रांसिस ने मुंबई में बुनियादी ढांचे और आवास विकास की गति की सराहना की। उन्होंने कहा कि मुंबई ने भारत के औद्योगीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।




# एमएसआरडीसी द्वारा लगाए गए निविदा बोली मानदंडों और पात्रता मानदंडों में कोई छूट या बदलाव नहीं...

## समय सीमा 30 जनवरी से बढ़ाकर 6 फरवरी कर दी गई है

**मुंबईः बांद्रा रिक्लेमेशन में प्रतिष्ठित 24 एकड़ के विस्तार के विकास के लिए महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम (एमएसआरडीसी) द्वारा लगाए गए निविदा बोली मानदंडों और पात्रता मानदंडों में कोई छूट या बदलाव नहीं होगा। हालाँकि, बोलियाँ जमा करने की अंतिम तिथि 30 जनवरी से बढ़ाकर 6 फरवरी कर दी गई है, एमएसआरडीसी के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, अनिल कुमार गायकवाड़ ने गुरुवार को एफपीजे को बताया।**

पिछले हफ्ते प्री-बिड मीटिंग के बाद शीर्ष डेवलपर्स द्वारा उठाए गए 71-विषम प्रश्नों पर चर्चा करने के लिए एमएसआरडीसी के शीर्ष अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय बैठक के बाद, गायकवाड़ ने कहा, ''हमने हर प्रश्न की जांच की है और इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि हमारी प्रक्रिया मजबूत है और ट्रैक पर। किसी भी बदलाव की कोई जरूरत नहीं है।'' शीर्ष बिल्डरों ने बोली प्रक्रिया को लेकर चिंता जताई थी; उनमें से कुछ ने आरोप लगाया कि एमएसआरडीसी 'एक या दो बड़े डेवलपर्स' का पक्ष ले रही है और बोलियां 'कुछ चुनिंदा लोगों के लिए बनाई गई हैं।'

एफपीजे से बात करते हुए गायकवाड़ ने कहा कि यह प्रक्रिया ''खुली प्रतिस्पर्धी बोली'' में से एक है। ''यहां तक कि एक अंतरराष्ट्रीय



डेवलपर भी जवाब दे सकता है। तो कुछ लोगों को फायदा पहुंचाने का सवाल ही कहां है?'' उसने पूछा। एमएसआरडीसी के एक अन्य शीर्ष अधिकारी ने एफपीजे को बताया कि अब तक, एक इकाई में -15,000 करोड़ की शुद्ध संपत्ति का वित्तीय मानदंड बना रहेगा। ''हम संयुक्त उद्यम (जेवी) विकल्पों की अनुमति नहीं देंगे क्योंकि अतीत में जेवी के साथ हमारा अनुभव खराब रहा है। हम वित्तीय और तकनीकी रूप से मजबूत डेवलपर्स की तलाश कर रहे हैं जो इस परिमाण और पैमाने की एक परियोजना शुरू करने और इसे समय पर पूरा करने में सक्षम होंगे, ''गायकवाड़ ने कहा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि चूंकि यह एक राजस्व साझाकरण मॉडल होगा, एमएसआरडीसी राजस्व सृजन के हर चरण में लूप में रहेगा। ''हम भूमि पार्सल की बिक्री या नीलामी नहीं कर रहे हैं। हम इसका मुद्रीकरण कर रहे हैं और इस परियोजना का बहुत हिस्सा हैं, ''उन्होंने कहा। राजस्व साझाकरण मॉडल में, डेवलपर को -8000 करोड़ का भुगतान करना होगा और कार्यालय स्थान का 50,000 वर्ग फुट क्षेत्र भी विकसित करना होगा और इसे एमएसआरडीसी को सौंपना होगा। एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि जीएसटी भी डेवलपर को वहन करना होगा। एमएसआरडीसी द्वारा विशाल खुले सार्वजनिक स्थानों के मुद्रीकरण के बारे में कार्यकर्ताओं द्वारा उठाई गई चिंताओं के संबंध में, गायकवाड़ ने कहा, ''हम सख्ती से डीसी नियमों का पालन कर रहे हैं। हमारे सलाहकार जेएलएल ने हमें सूचित किया है कि यह संभव है और नियमों के दायरे में है, और हम यहां आवासीय और वाणिज्यिक इकाइयां स्थापित कर सकते हैं,'' उन्होंने कहा। हालांकि, एक शीर्ष अधिकारी ने स्पष्ट किया कि कब्रिस्तान और सैरगाह के लिए आरक्षण है, जो बना रहेगा। उन्होंने कहा, ''हम इनके लिए प्रावधान करेंगे।'' सूत्रों के मुताबिक, मंगलवार को बैठक में शामिल होने वाले शीर्ष डेवलपर्स में गोदरेज प्रॉपर्टीज, अदानी रियल्टी, सनटेक रियल्टी, के.रहेजा कॉर्प, एलएंडटी रियल्टी, वाधवा ग्रुप, रुनवाल, ओबेरॉय रियल्टी, लोढ़ा, सत्व शामिल हैं।

## लोकल ट्रेन के पेंटोग्राफ में मामूली आग, कोई हताहत नहीं



**मुंबई :** सीएसएमटी प्लेटफॉर्म 3 पर एक लोकल ट्रेन के पेंटोग्राफ (वह उपकरण जो ट्रेन को बिजली देने के लिए बिजली इकट्ठा करता है) में मामूली आग लग गई। किसी के घायल होने की सूचना नहीं है, लेकिन इसके कारण प्लेटफॉर्म पर 20 मिनट तक ओवरहेड उपकरण अवरुद्ध हो गया। अधिकारियों के मुताबिक, इससे दूसरे प्लेटफॉर्म से ट्रेनों के परिचालन पर कोई असर नहीं पड़ा। एक अधिकारी ने कहा कि एक चिंगारी ने मामूली आग का रूप ले लिया और उस पर तुरंत काबू पा लिया गया। अधिकारियों ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि मस्जिद और सीएसएमटी के बीच ट्रेन की छत पर कपड़े के बैनर का एक टुकड़ा गिरने के बाद आग लग गई।

## चोर बाजार में लगी भीषण आग में 50 वर्षीय व्यक्ति की जलने से मौत

**मुंबई :** दक्षिण मुंबई के भीड़भाड़ वाले चोर बाजार इलाके में एक लकड़ी के गोदाम में लगी भीषण आग में 50 वर्षीय एक व्यक्ति की जलने से मौत हो गई। बीएमसी के आपदा नियंत्रण कक्ष ने शुक्रवार को कहा कि गोदाम के बगल की इमारत में रहने वाले लोगों को भी बाहर निकलना पड़ा। बीएमसी ने कहा कि गुरुवार रात करीब 2 बजे कमाठीपुरा के आसपास 7,000-8,000 वर्ग फुट में फैले लकड़ी के गोदाम, अन्य दुकानों और होटलों में आग लगने की सूचना मिली। मुंबई फायर ब्रिगेड, पुलिस और अन्य एजेंसियां मौके पर पहुंचीं और बड़े पैमाने पर अग्निशमन अभियान चलाया, जिसमें 16 से अधिक फायर टेंडर तैनात थे। आग लकड़ी के स्टॉक, बिजली के



तारों और रसायनों के कुछ स्टॉक में फैल गई थी, जिससे आग में घी डाल दिया। आग तेजी से फैल गई और आसपास की लगभग 400-500 अन्य दुकानें, रेस्तरां और वाणिज्यिक प्रतिष्ठान प्रभावित हो गए, जिससे शुरूआती घंटों में स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई।

अधिकारियों ने एहतियाती कदम उठाते हुए प्लैटिनम मॉल और लकड़ी के गोदाम से सटे एक गगनचुंबी इमारत में रहने वाले लोगों को खाली करा लिया, क्योंकि आग की लपटें लगातार फैल रही थीं। एक प्रत्यक्षदर्शी ने कहा कि कई लोगों को अपने रात के कपड़ों में अंधेरे में जल्दी-जल्दी बाहर निकलते देखा गया, कुछ अपने बच्चों के साथ और कुछ बड़ों की मदद करते देखे गए।

सुबह के आसपास बचाव दल ने एक व्यक्ति का पूरी तरह से जला हुआ शव बरामद किया, जिसकी पहचान बाद में घनश्याम प्रजापति के रूप में हुई, जो आग की लपटों और जहरीले धुएं से बचने की कोशिश करते समय गोदाम परिसर में एक बाथरूम में फंस गया था। पास के सर जे.जे.अस्पताल पहुंचने पर घनश्याम को मृत घोषित कर दिया गया। बीएमसी आपदा नियंत्रण ने कहा कि आग लगने का कारण अभी तक ज्ञात नहीं है। आग बुझाने में 10 घंटे से ज्यादा समय लगे और अब ठंडा करने का काम चल रहा है।

## नागपुर की फुटाला लेक से जुड़े निर्माण कार्यों पर रोक... मेट्रो रेल कॉरपोरेशन पर अंकुश

**नागपुर :** सुप्रीम कोर्ट ने नागपुर की फुटाला लेक से जुड़े निर्माण कार्यों पर रोक लगाने का फैसला लिया है। शीर्ष अदालत ने महाराष्ट्र सरकार के साथ-साथ मेट्रो रेल कॉरपोरेशन पर भी रोक लगाई है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में तीन जजों की पीठ ने यह आदेश पारित किया।

चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ की पीठ में गुरुवार को वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायण ने पैरवी की। अदालत को बताया गया कि फुटाला लेक की अहमियत को देखते हुए झील का संरक्षण जरूरी है। याचिकाकर्ता ने कहा कि इस जल निकाय को बचाने के लिए निर्माण रोकने के लिए यथास्थिति बरकरार रखने का आदेश जरूरी है। अदालत में बताया गया कि फुटाला लेक पर कंक्रीट की कई संरचनाओं का निर्माण हो चुका है। दलीलों को सुनने के बाद अदालत ने स्वीकार किया कि मामला संवेदनशील है। कोर्ट ने कहा कि आर्द्र भूभाग काफी कम मात्रा में बची हैं। ऐसे में अधिकारियों को फिलहाल निर्माण कार्य जारी रखने से परहेज करना चाहिए।

अदालत ने सवाल किया कि झील के अस्तित्व पर संकट बन चुकी कंक्रीट संरचनाओं को कब हटाया जाएगा? बता दें कि झील घूमने आने वाले पर्यटकों के लिए दर्शक दीर्घा का निर्माण भी कराया गया है।

## मुंबई में इंस्टाग्राम पर बने दोस्त ने महिला को नशे की गोली खिलाकर किया दुष्कर्म

**मुंबई :** मुंबई में एक 21 साल की महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। महिला ने इंटरनेट मीडिया मित्र पर नशे की हालत में दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। दक्षिण मुंबई की वर्ली पुलिस मामले की जांच कर रही है। महिला ने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर अपना दर्दनाक अनुभव साझा किया है। मामला 13 जनवरी का बताया जा रहा है।

महिला के इंस्टाग्राम पोस्ट के अनुसार, वह आरोपित हेतिक शाह से उसी रात मिली थी। इससे पहले दोनों के बीच इंस्टाग्राम पर ही बातचीत होती थी। महिला ने इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट किया कि मैं हेतिक शाह के साथ नाइट आउट का प्लान बनाया, जिससे मैं इंस्टाग्राम पर मिली थी। मैंने हेतिक के साथ रात में बाहर धूमने की योजना बनाई थी, लेकिन ये मेरी जिंदगी की सबसे भयानक



रात बन गई।

हेतिक शाह और मैं ड्रिंक और पार्टी करने के लिए निकले। उसके कुछ दोस्तों से मिलने के बाद हम बास्टियन के लिए रवाना हुए। कुछ टकीला शाट्स के बाद मैं नशे में थी। मैं पार्टी में परेशान और अकेला महसूस करने लगी। उसने मुझे और भी पीने के लिए मजबूर किया। इसके बाद मैं एकदम सुध बुध खो बैठी। मुझे इसके बाद का कुछ भी याद नहीं है। मुझे शक है कि उसने मुझे नशे की गोली दे दी थी।

मैं फिर होश में आई और देखा कि वह मेरे साथ दुष्कर्म कर रहा है। मैंने उसे रोकने की काफी कोशिश की, लेकिन वह नहीं रुका। इतना ही नहीं, गुस्से में उसने मुझे तीन बार थप्पड़ भी मारे, जिससे मैं डर गई। हेतिक शाह ने मेरे साथ दुष्कर्म अपने किसी दोस्त के फ्लैट पर किया। इसके बाद उसके दोस्तों ने मुझे वहां से बाहर निकालने की कोशिश की और मुझे धमकी भी दी।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८९ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com